एक नजर में

नप के नवनियुक्त एल्डरमैनों का किया स्वागत

पानसेमल। विधायक जन सेवा कार्यालय पर विधायक श्याम बरडे ने नवनियुक्त एल्डरमैनों का स्वागत किया। इस अवसर पर नगर परिषद में वरिष्ठ नेता एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं के एल्डरमैन नियुक्त होने पर मिठाई खिलाकर बधाई दी। नवनियुक्त एल्डरमैन गोविंद जोशी, देवीदास साटोटे, शैलेंद्र शुक्ला तथा योगिता मुकेश सावले का पुष्पहार से स्वागत किया। विधायक ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी पार्टी के वरिष्ठ व जिम्मेदार कार्यकर्ता रहे हैं। निश्चित ही आपकी नियुक्ति से परिषद को नई ऊर्जा और शक्ति मिलेगी। आपके अनुभव, सेवा भाव और पार्टी के प्रति निष्ठा से नगर के विकास कार्यों को नई गति और दिशा मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त प्रतिनिधि पूर्ण निष्ठा, पारदर्शिता एवं प्रतिबद्धता से नगर के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करेंगे। इस दौरान जिला महामंत्री सचिन चौहान, जिला उपाध्यक्ष राम सोनाने, मनोहर पटेल, लोकेश शुक्ला, मंडल अध्यक्ष चंद्रकांत महाजन व सरपंच, जनपद प्रतिनिधि, वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

समर्थ ने 8वीं में प्राप्त किए 94 .6 प्रतिशत अंक

बड़वानी। क्षेत्र के प्रतिभाशाली छात्र समर्थ मालवीया ने कक्षा 8वीं की परीक्षा में 94.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय एवं परिवार का नाम गौरवांवित किया। समर्थ की इस उत्कृष्ट उपलब्धि से स्कूल में खुशी का माहौल है। शिक्षकों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। समर्थ मालवीय शुरू से ही मेधावी छात्र रहे हैं और उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता एवं गुरुजनों के मार्गदर्शन को दिया। उनका कहना है कि नियमित अध्ययन, अनुशासन और कठिन परिश्रम ही सफलता की कुंजी है।

जल सुनवाई शिविर का किया आयोजन

बड़वानी। नगर पालिका परिषद द्वारा 31 मार्च को पानवाड़ी मोहल्ला स्थित आंगनवाड़ी के पास वार्ड 11 में मंगलवार को जल सुनवाई कैम्प लगाया गया। जिसमें अमृत मित्र महिलाओं और निकाय की टीम ने जल गुणवत्ता परीक्षण कार्य किया। शिविर जलप्रदाय प्रभारी की उपस्थिति में लगाया। इस दौरान वार्ड 11 पार्षद अविनाश कलोशिया भी उपस्थिति थे। शिविर में 13 पेयजल नमूने की जांच की गई, जिसमें वार्डवासियों के घरों का पानी एवं निवास पर स्थापित ट्यूबवेल के पानी की जांच की गई।

रुद्राक्ष और कौड़ियों से दमके संकट मोचन, पेटलावद के खेड़ापति हनुमान मंदिर में जन्मोत्सव की भव्य तैयारी

पेटलावद। पेटलावद नगर के मेला ग्राउंड स्थित खेड़ापति (वीर दास हनुमान) मंदिर इन दिनों अपनी दिव्यता और भव्यता के कारण पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर यहाँ वीर दास के रूप में विराजमान हनुमान जी की आदमकद प्रतिमा का ऐसा मनोहारी श्रृंगार किया गया है जिसके दर्शनार्थ श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है। मंदिर की इस आस्था और जनविश्वास के बारे में पंडित प्रदीप बब्बन दवे बताते हैं कि यहाँ के दरबार से कोई भी भक्त खाली हाथ नहीं लौटता और पवनपुत्र अपने दर पर आने वाले हर श्रद्धालु की मनोकामना अवश्य पूर्ण करते हैं।इस वर्ष जन्मोत्सव को बेहद खास बनाने के लिए मंदिर समिति और भक्तों ने मिलकर विशेष तैयारियां की हैं। मंदिर परिसर की आकर्षक साज-सज्जा के साथ ही भगवान का जो चोला श्रृंगार किया गया है, वह अपनी विशिष्टता के कारण आकर्षण का केंद्र है। राजेश नागर, छोटू चतुर्वेदी और अशोक प्रजापत के अथक प्रयासों से यह विशेष चोला च?ाने का कार्य चार दिनों की कठिन साधना के बाद संपन्न हुआ। इस दिव्य श्रृंगार की सबसे ब?ी विशेषता इसमें प्रयुक्त सामग्री है, जिसमें 3000 पवित्र रुद्राक्ष और 1000 कौडियों का ब?ी ही सूक्ष्मता और कलात्मकता के साथ उपयोग किया गया है। रुद्राक्ष और कौड़ियों से सुसज्जित भगवान का यह स्वरूप भक्तों को मंत्रमुग्ध कर रहा है और जन्मोत्सव की पूर्व संध्या से ही समूचा मेला ग्राउंड क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया है।

सीवरेज निर्माण से उड़ रही धूल, लोग परेशान

बड़वानी, (नवभारत)।
शहर में लंबे समय से चल रहे सीवरेज कार्य के दौरान शहर की सड़कें तहस-नहस हो गई। जिससे आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं ऐसे में शहर की जनता को आए दिन धूल के गुब्बार से होकर गुजरना पड़ रहा है। जिससे कई तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं धूल के गुबार से अस्थमा और एलर्जी की शिकायत होने लगी हैं। शहर के झामरिया रोड स्थित लक्ष्मी गेस्ट हाउस की ओर चल रहे सीवरेज निर्माण कंपनी के काम से नाराज जनता में आक्रोश नजर आया और देखते ही देखते सीवरेज कंपनी के इंजीनियर को मौके पर खरी खोटी सुनाई। वहीं शहर की जनता में आक्रोश को देखते हुए इंजीनियर समझाईश देते नजर आया।

इस दौरान स्थानीय निवासी गुलाब का कहना है कि सीवरेज कार्य के दौरान घर की पेयजल लाइन तोड़ दी गई हैं, जिससे घरों की पेयजल की सप्लाई नहीं हो रही है। ऐसे में महंगे दामों में किराए के निजी पानी टैंकर मंगवाने पड़ रहे हैं। वहीं पेयजल लाइन टूटने की शिकायत से कम्पनी के कर्मियों को अवगत भी कराया गया, सीवरेज कंपनी के कर्मियों से शिकायत के बावजूद भी जिम्मेदारों द्वारा ने इस ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

जनता को समस्या के गर्त में डाल कर गोल-मोल जवाब देकर इंजीनियर जिम्मेदारी के सवालों से बचते नजर आ रहे हैं। निर्माण में लापरवाह काम के चलते कई गाड़िया फंसती हुई नजर आ रही हैं, जिससे किसी तरह की भी घटना घटित हो सकती है। वहीं विगत दिन भी वाहन फंसने की घटना सामने आई थी। जिसके बाद भी न तो काम में कोई सुधार हुआ और न ही जिम्मेदार इसे गंभीरता पूर्वक ले रहे हैं। हॉलाकि आक्रोशित लोगों का कहना है कि लापरवाही काम करने वाली कम्पनी के द्वारा इसी तरह से कार्य चलता रहा तो वह दिन दूर नहीं जिससे जनता को एक उग्र आंदोलन करने के लिए विवश होते हुए सड़कों पर उतरना पड़े।

दुकान व्यवसायिक राजू मुकाती का कहना है कि सीवरेज कंपनी का काम जमीनी स्तर पर लापरवाह नजर आ रहा है। न तो उचित रूप से कम्पनी का इंजीनियर और ठेकेदार इसकी सुध ले रहा है और न ही ठीक ढंग से मानिटरिंग की जा रही है। जिसका जहां मन हो रहा है वहां से सड़क खोदकर काम किया जा रहा है। काम के नाम पर सिर्फ सड़कों को क्षतिग्रस्त के सिवाय और कुछ नजर नहीं आ रहा है। हालांकि यह एक सड़क नहीं है, ऐसी और भी अन्य सड़कों का सीना छलनी कर दिया है।

दुकानदार मुकाती का यह भी कहना है कि धीमी गति से चल रहे काम के कारण यहां के दुकानदारों के व्यवसाय पर भी गहरा असर पड़ रहा है जो शहर का मुख्य मार्ग में होने के बावजूद भी व्यवस्थित काम नहीं होने से ट्रैक्टर ट्राली गड्ढे में जा फसी जिसे जेसीबी की मदद से बाहर निकाला गया। गनिमत रही कि कोई बड़ा हादसा नहीं हुआ। इस दौरान करीब आधे घंटे तक जाम लगा रहा। सीवरेज कंपनी की मनमानी के चलते कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

स्थानीय प्रशासन से लेकर भोपाल तक शिकायत की, लेकिन निराकरण नहीं हुआ। जिम्मेदार बेसुध बने हैं। वहीं महेंद्र सिंह जादौन का कहना है कि सीवरेज के काम के चलते घरों की पेयजल सप्लाई बंद हो गई है, जिससे निजी टैंकर बुलाना पड़ रहा है। काम के दौरान किसी तरह से कोई जिम्मेदार इस पर गंभीरता पूर्वक ध्यान नहीं दे रहा है। जिसकी शिकायत स्थानीय प्रशासन सहित भोपाल लेवल तक की गई है, लेकिन किसी तरह का कोई निराकरण नहीं हुआ है। लोगों को कहना है कि सीवरेज कार्य में लापरवाही के चलते कई स्थानों पर हादसे हो चुके हैं।

शहर में स्मार्ट सिटी तो नहीं, लेकिन सड़कें जरूर हो गईं धूल भरी

झामरिया मार्ग पर बीते महीनों से सीवरेज कार्य के चलते रहवासी व व्यापारियों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान लोगों ने सीवरेज कंपनी के अधिकारी को रोककर जमकर रोष जताया। लोगों ने कहा कि चुनाव के समय तत्कालीन मुख्यमंत्री ने शहर को स्मार्ट सिटी बनाने का वादा किया था, शहर स्मार्ट सिटी तो नहीं बनाए, लेकिन यहां की सड़कें धूलभरी जरुर बन गई हैं। यहां की सड़कों के गड्ढों से आए दिन हादसे हो रहे हैं। वाहन चालक गड्ढों के झटके झेल रहे हैं, तो सड़कों पर उड़ने वाली धूल लोगों की नाक में दम और सांस फूला रही हैं। साथ ही कई मार्ग पर दिनभर जाम के हालात के चलते वाहन रेंगते हुए निकल रहे हैं। लोगों ने कहा कंपनी ने शीघ्र काम को निपटाकर सड़कों को सुधार किया जाए।

सकल जैन श्रीसंघ ने निकाली शोभायात्रा

पानसेमल, (नवभारत)।
भगवान महावीर की जयंती पर सकल जैन श्रीसंघ ने अहिंसा परमोधर्म संदेश के साथ मुख्य मार्गों से शोभायात्रा निकाली। जलगोन रोड़ से प्रारंभ हुई शोभायात्रा में महावीर भगवान के जयकारों के साथ आसपास ग्रामों से समाजजन शामिल रहे।

समाज के वरिष्ठजनों ने भगवान महावीर के आदर्शों पर चलने की बात कहते हुए जयंती की बधाई दी। अशोक जैन ने कहा कि जियो और जीने दो के संदेश के साथ शोभायात्रा निकाली, जो महात्मा गांधी पब्लिक स्कूल में समाप्त हुई। यहां बच्चों ने सुंदर गीतों, कविताओं की प्रस्तुतियां दी।

प्रश्न उत्तरी प्रतियोगिता भी हुई। इसके बाद समाजजनों ने स्नेहभोज व प्रसादी प्राप्त कर समापन किया। आयोजन में नगर सहित आमदा, जूनापानी, दौड़वाडा, टेमला, जलगोन व अन्य ग्रामों से समाजजन शामिल रहे। कार्यक्रम का संचालन मनु जैन ने किया। समाज के अध्यक्ष हेमंत जैन मिन्नी ने आभार व्यक्त किया।

विधायक मंडलोई ने वितरित किए टैंकर

दूरस्थ पहाड़ी क्षेत्रों में भी आसानी से पहुंच सकेगा पीने के लिए पानी

बड़वानी, (नवभारत)।
विधानसभा क्षेत्र के सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्रों में पेयजल सुविधा को सुदृढ़ बनाने के लिए विधायक राजन मंडलोई ने अपनी विधायक विकास निधि से पानी के टैंकर उपलब्ध कराए हैं।

ये टैंकर विशेष रूप से शादी-विवाह, सामाजिक, धार्मिक एवं मांगलिक कार्यक्रमों में ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से दिए गए हैं। पहाड़ी क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन जल संकट को ध्यान में रखते हुए यह पहल स्थानीय नागरिकों की वास्तविक आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

टैंकर पलवट, कदवाल्या, गुड़ी, कंजाकुआ, कुकरा, मोरकट्टा, मेढ़कीमाल, गोलपाटीवाडी, चिकलकुआवाडी, देरवालिया, धमारिया, सिंधवानी, भैसारी, मोरानी, बुदी, आंवली, नलती, केली, धमोडी, सुस्तीखेडा, टेमला, बोम्या एवं रेहगुन आदि ग्रामों को प्राप्त हुआ है। विधायक राजन मण्डलोई ने कहा विधायक विकास निधि का उपयोग जनसुविधाओं के विकास में किया जाना हमारा निरंतर प्रयास है।

हनुमान जन्मोत्सव की तैयारी में जोर-शोर से जुटे श्रद्धालु, होगा भव्य आयोजन

आलीराजपुर। सिद्धेश्वर राजबाड़ा हनुमान मंदिर में 2 अप्रैल को हनुमान जन्मोत्सव को लेकर तैयारियां धूमधाम से जारी हैं। भक्तों में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और इसी बीच आयोजन को भव्य और आकर्षक बनाने के लिए कार्यों की शुरुआत हो चुकी है। इस आयोजन के तहत शहर में विशाल शोभायात्रा, भंडारे और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

हनुमान जन्मोत्सव के मुख्य आकर्षण के रूप में इस बार सिद्धेश्वर हनुमान बाबा की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा, जो 2 अप्रैल को निकलेगी। शोभायात्रा राजवाड़ा हनुमान मंदिर से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुन: राजवाड़ा हनुमान मंदिर पहुंचेगी। इस यात्रा में टाकिज चौराहा, प्रतापगंज मार्ग, रणछो? राय मंदिर, बस स्टैंड, पंचमुखी मंदिर, नीम चौक, गोपाल मंदिर जैसे स्थानों से होते हुए यह यात्रा गुजरेगी। यात्रा के समापन पर राजवाड़ा हनुमान मंदिर में महा आरती का आयोजन किया जाएगा और विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा।

सिद्धेश्वर हनुमान भक्त मंडल की बैठक में तय हुई रूपरेखा

हनुमान जन्मोत्सव को लेकर सोमवार शाम को सिद्धेश्वर हनुमान भक्त मंडल द्वारा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रमुख रूप से शोभायात्रा के मार्ग को आकर्षक बनाने, नगर भ्रमण की रूपरेखा तैयार करने, तथा भंडारे के आयोजन के लिए जिम्मेदारियों का वितरण किया गया। बैठक में तय किया गया कि इस साल का आयोजन भव्य होगा और श्रद्धालुओं को पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ सेवा दी जाएगी। मंदिर को विद्युत सज्जा से सजाने की तैयारी हनुमान जन्मोत्सव के दौरान सिद्धेश्वर हनुमान मंदिर को विद्युत सज्जा से सजाने की तैयारी की जा रही है। मंदिर प्रांगण को फूल बंगला के रूप में सजाया जाएगा, जिससे भक्तों को एक दिव्य अनुभव मिलेगा। 3 वर्षों के बाद इस बार भंडारे का आयोजन हो रहा है, और इस कारण भक्तों में उत्साह और उल्लास का माहौल है।

भंडारे को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह

सिद्धेश्वर हनुमान भक्त मंडल के मीडिया प्रभारी कांतिलाल राठौड़ ने बताया कि तीन साल बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है, जिससे नगरवासियों और भक्तों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। इस आयोजन के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के भोजन व्यवस्था की जिम्मेदारी भक्त मंडल द्वारा निभाई जाएगी, ताकि हर कोई इस महापर्व का हिस्सा बन सके। हनुमान जन्मोत्सव के इस भव्य आयोजन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं, और उम्मीद जताई जा रही है कि यह आयोजन श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम से भरा होगा, जो सभी भक्तों के दिलों में एक नई ऊर्जा और विश्वास का संचार करेगा।

शाओमी इंडिया ने रेडमी 15ए 5जी किया लांच

इंदौर . शाओमी इंडिया ने आज रेडमी 15ए 5जी रेडमी 15ए 5जी भारत में लॉन्च किया. यह एक ऐसा स्मार्टफोन है जिसे एक सिम्पल आइडिया को ध्यान में रखकर डिज़ाइन किया गया है- यह लोगों के रोज़मर्रा के फ़ोन इस्तेमाल के तरीके के साथ कदम से कदम मिलाकर चले. चाहे स्ट्रीमिंग हो, स्क्रॉलिंग हो, जुड़े रहना हो, या एक साथ कई ऐप्स चलाना हो, रेडमी 15ए 5जी बिना किसी बेवजह की उलझन के, एक सहज, भरोसेमंद और लंबे समय तक चलने वाला अनुभव देने पर ध्यान केन्द्रित करता है.

न्यायालयः - सोहनलाल भगोरा प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड तहसील पेटलावद जिला झाबुआ (म. प्र.)
प्रेस विज्ञप्ति

पेशी दिनांकः 15/04/2026
एम.जे.सी.एस.यु.सी./04/2026,
शारदा विरूद्ध खिमीबाई

01. शारदा वेबा मिश्रुलाल ताड़, आयु- 51 वर्ष, व अन्य निवासीगण - बामनिया रोड पेटलावद, तहसील पेटलावद, जिला झाबुआ म.प्र

विरूद्ध - सर्व- साधारण ।

मृतक स्व. मिश्रुलाल पिता बद्दाजी ताड निवासी- बामनिया रोड पेटलावद तहसील पेटलावद जिला झाबुआ की मूल रहवासी होकर आदिम जाति शिक्षा विभाग में शासकीय हाई स्कूल करडावद में कार्यरत थे। दिनांक 05.10.2025 को सेवा के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। स्व. मिश्रुलाल ताड अदिवासी समाज के व्यक्ति होने से प्रथा अनुसार उनके द्वारा दो विवाह किये गये थे, प्रथम विवाह प्रतिप्रार्थीया खिमीबाई से तथा द्वितीय विवाह खिमीबाई स्वयं की इच्छा से शारदा के साथ किया गया। दाम्पत्य संबंधों के दौरान प्रार्थीया क्रमांक 01 को दो संताने पुत्री कु. रिंकु तथा पुत्र अंकित उत्पन्न हुये। ग्राम बामनिया रोड पेटलावद में प्रार्थीया क्रमांक 01 के स्वामित्व अधिपत्य मालकी वाला जो आवासीय मकान जो आवासीय मकान 12.5 बॉय 50 वर्गफीट का 02 मंजिला बना हुआ है उक्त मकान में प्रार्थीगण तथा प्रतिप्रार्थी क्रमांक 01 व स्व. मिश्रुलाल सामिल सारिक रहते चले आये है। मिश्रुलाल की मृत्यु के बाद इसी मकान में प्रार्थीगण व प्रतिप्रार्थीया खिमीबाई निवास करते हैं। उक्त दिनांक को स्व. मिश्रुलाल की मृत्यु होने से कानूनानुसार प्रार्थीगण को भी उनकी समस्त भविष्य निधि, पेंशन अनुकम्पा सेवाकाल के दौरान भविष्य निधि, बिमा व जी.पी. एफ. आदि पर प्रार्थीगण व प्रतिप्रार्थी क्रमांक 01 का समान रूप से हक अधिकार आता है। किन्तु प्रतिप्रार्थी क्रमांक - 01 अन्य प्रतिप्रार्थी क्रमांक 02, 03 व 04 को अपने प्रभाव में लेकर मिश्रुलाल जी की सेवा का समस्त धन अकेले प्राप्त करना चाहती है जिसका कोई अधिकार प्रतिप्रार्थी क्रमांक- 01 को नहीं आता है। इस हेतु उनके वारिसान द्वारा आवेदन पत्र अंतर्गत धारा - 372 भारतीय उत्तराधिकारी अधिनियम का प्रार्थना पत्र उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्ति हेतु प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदन में अनावेदकगण के रूप में सर्व साधारण को संयोजित किया गया है। यदि किसी व्यक्ति या संस्था को इस संबंध में कोई आपत्ति हो तो वह या उनके अधिकृत प्रतिनिधि न्यायालय में नियत पेशी दिनांक 15.04.2026 को प्रातः 11:00 बजे समस्त दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर अपनी आपत्ति दर्ज करावे। अतः आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई दिनांक को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होगें तो प्रार्थना पत्र की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा नोटः- यदि पेशी दिनांक को किसी प्रकार का अवकाश घोषित हो जाने पर प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस में की जायेगी। आज दिनांक 11.03.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की पद मुद्रा लगाकर दिया गया।

(सोहनलाल भगोरा)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड तहसील पेटलावद जिला झाबुआ (म.प्र.)

40 वर्षों बाद बोहरा समाज के धर्मगुरु सैयदना साहब आएंगे आलीराजपुर

प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल और विधायक सेना पटेल ने प्रशासन से की विशेष व्यवस्थाओं की मांग

आलीराजपुर। जिले के लिए अत्यंत गौरव और आस्था का विषय है कि बोहरा समाज के पूज्य धर्म गुरु सैयदना साहब लगभग 40 वर्षों बाद आलीराजपुर जिले के दौरे पर आ रहे हैं। उनके आगमन को लेकर जिलेभर में श्रद्धा, उत्साह एवं उल्लास का वातावरण निर्मित हो गया है।

आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल एवं जोबट विधायक सेना महेश पटेल ने प्रेस के माध्यम से जिला प्रशासन का ध्यान आकर्षित करते हुए आवश्यक तैयारियों के संबंध में निवेदन किया है। उन्होंने कलेक्टर, लोक निर्माण विभाग और अन्य संबंधित विभागों से आग्रह किया है कि सैयदना साहब के आगमन को दृष्टिगत रखते हुए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय-सीमा में पूर्ण की जाएं। प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल ,एवं विधायक पटेल ने विशेष रूप से बरझर, चंद्रशेखर आजाद नगर, अंबुआ, जोबट, आलीराजपुर से लेकर नानपुर तक के प्रमुख मार्गों की मरम्मत, गड्ढा मुक्त सड़क, साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया है, ताकि जिले में आने वाले श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।



उन्होंने कहा कि जब किसी समाज के धर्म गुरु किसी क्षेत्र में पधारते हैं, तो वह केवल एक समाज का नहीं बल्कि पूरे जिले का सम्मान एवं सौभाग्य होता है। ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी बनती है कि इस अवसर को भव्य, सुव्यवस्थित एवं यादगार बनाया जाए। प्रदेश उपाध्यक्ष महेश पटेल विधायक सेना महेश पटेल ने जिले के समस्त समाजजनों से अपील करते हुए कहा कि सभी वर्गों के लोग आपसी सौहार्द, भाईचारे एवं उत्साह के साथ सैयदना साहब का भव्य स्वागत करें और इस ऐतिहासिक अवसर को यादगार बनाएं। अंत में उन्होंने जिला प्रशासन से अपेक्षा जताई कि सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करते हुए समय-सीमा में तैयारियां पूर्ण करें, जिससे जिले की सकारात्मक छवि प्रदेशभर में स्थापित हो सके।

डॉ. सैयदना के आगमन को लेकर विधायक के सख्त निर्देश, अम्बुआ-जोबट में तैयारियां तेज

आलीराजपुर। सैयदना साहब के प्रस्तावित आगमन को लेकर अम्बुआ और जोबट क्षेत्र में तैयारियां तेज़ी से जारी हैं। इसी क्रम में दोनों स्थानों पर बोहरा समाज की मस्जिदों में महत्वपूर्ण बैठकों का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्रीय विधायक सेना महेश पटेल ने पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

अम्बुआ में आयोजित बैठक के दौरान विधायक ने बिजली, पानी, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की। वहीं जोबट में भी मस्जिद पहुंचकर उन्होंने तैयारियों की स्थिति का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान विधायक ने बिजली विभाग के अधिकारी से फोन पर चर्चा कर कार्यक्रम के दौरान लगातार तीन दिनों तक निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सैयदना साहब के आगमन पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है, ऐसे में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।